


डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/ म.प्र./ मन्दसौर/ 122/ 2024- 26

ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक - आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 321 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शुक्रवार 06 सितम्बर 2024 | मूल्य 2 रुपया

## अब देश के 78 लाख पेंशनधारी किसी भी बैंक व शाखा से निकाल सकेगें पेंशन



**नई दिल्ली, 05 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** सेवानिवृत होने के बाद पेंशनधारियों को केन्द्र सरकार ने बड़ी राहत दी है। अब देश के 78 लाख ईपीएस पेंशनधारी को किसी भी बैंक व शाखा से पेंशन मिल जाएगी। कर्मचारी पेंशन योजना 1995 के लिए एक केंद्रीकृत पेंशन भुगतान प्रणाली (सीपीपीएस) के प्रस्ताव को केंद्रीय श्रम-रोजगार मंत्री व ईपीएफ के केंद्रीय न्यासी बोर्ड के अध्यक्ष द्वारा अनुमोदित किया गया है। 04 सितंबर 2024 को जारी सूचना ब्यूरो की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह प्रणाली ईपीएस पेंशनभोगियों को 1 जनवरी 2025 से भारत में किसी भी बैंक, शाखा या स्थान से अपनी पेंशन प्राप्त करने में सक्षम बनाएगी।

सीपीपीएस एक राष्ट्रीय स्तर की केंद्रीकृत प्रणाली प्रदान करके एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतिनिधित्व करता है, जो भारत में किसी भी बैंक या शाखा के माध्यम से पेंशन भुगतान की अनुमति देता है। केंद्रीकृत पेंशन भुगतान प्रणाली से 78 लाख से अधिक ईपीएफओ ईपीएस पेंशनभोगियों को लाभ होने का अनुमान है। उन्नत आईटी व वित्तीय प्रौद्योगिकी का लाभ उठाकर पेंशनभोगियों को अधिक कुशल, निर्बाध व उपयोगकर्ता के अनुकूल अनुभव प्राप्त होगा। सेवानिवृत्त लोगों के लिए जो सेवानिवृत्ति के बाद अपने गृहनगर में स्थानांतरित हो जाते हैं, यह एक बड़ी राहत होगी। वर्तमान विकेन्द्रीकृत पेंशन संवितरण प्रणाली जिसमें प्रत्येक ईपीएफओ जोनल/क्षेत्रीय कार्यालय केवल तीन से चार बैंकों के साथ व्यक्तिगत व्यवस्था बनाए रखता है, को सीपीपीएस द्वारा प्रतिस्थापित किया गया है। इसके अतिरिक्त पेंशनभोगियों को लाभ शुरू होने पर किसी भी प्रकार के सत्यापन के लिए शाखा में जाने की आवश्यकता नहीं होगी और उनकी पेंशन जारी होने के तुरंत बाद जमा की जाएगी। इसके अलावा ईपीएफओ का अनुमान है कि नई प्रणाली पर स्विच करने से पेंशन भुगतान में बड़ी लागत बचत होगी। 01 जनवरी 2025 से शुरू होकर यह सुविधा ईपीएफओ के केंद्रीकृत आईटी सक्षम सिस्टम (सीआईटीईएस 2.01) के हिस्से के रूप में उपलब्ध कराई जाएगी। जो एक चल रही आईटी आधुनिकीकरण पहल है। सीपीपीएस का अगला चरण आधार-आधारित भुगतान प्रणाली (एबीपीएस) पर आसान स्विच की सुविधा प्रदान करेगा। इसके अतिरिक्त उस स्थिति में भी जब कोई पेंशनभोगी बैंक या शाखा स्थानांतरित करता है या स्विच करता है, सीपीपीएस एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय में पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) के हस्तांतरण की आवश्यकता के बिना पूरे भारत में पेंशन वितरण की गारंटी देगा।

## गरीबी में आटा गिला...



# और ज्यादा महंगा हुआ सपनों का घर

## घर का सपना हुआ महंगा, एक माह में दो बार बढ़ गए सीमेंट के भाव

**मंदसौर, 05 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। रेती, गिट्टी, सीमेंट, ईट, सरिया सहित तमाम वस्तुओं की कीमतें लगातार बढ़ने से घर बनाना अब आसान नहीं है। मजदूरी की राशि भी ढाई साल में लगभग डबल हो गई है। स्थिति यह है कि जिस अनुमानित बजट में मकान बनना शुरू होता है, मकान बनते-बनते वह ओवर बजट हो जाता है। बात करें मकान में सबसे ज्यादा आवश्यक चीज सीमेंट की तो इसके दाम एक माह में ही दो बार बढ़ चुके हैं। मतलब दस दिन में तीस रुपए तक रेट बढ़े हैं।**

**[ ✻ मजदूरी के साथ अन्य संसाधनों के दाम भी आसमान पर ✻ लगातार बढ़ रहे दाम, मजदूरी भी हुई डबल ]**

एक बार फिर सभी कंपनियों की सीमेंट 10 से 15 रुपए प्रति बोरी महंगी हो गई। मंगलवार से सीमेंट के भाव 350 से 365 रुपए प्रति बैग हो गए। बीते 10 दिन में यह दूसरा मौका है जब सीमेंट के भाव कंपनियों द्वारा बढ़ाए गए। इसके पहले पिछले महीने भी कंपनी ने इतनी ही बढ़ोतरी की थी। 10 दिन में सीमेंट 20 से 30 रुपए महंगी हो गई है। इससे मकान बनाने वालों पर भार बढ़ गया है और अब उन्हें ज्यादा राशि खर्च करनी होगी। शहर में अभी 1000 से ज्यादा निर्माण कार्य चल रहे हैं। कंपनियां भाव बढ़ाने की वजह लागत बढ़ना बता रही हैं।

### 10 दिन में मकान बनाना 12 हजार रुपए महंगा हुआ...

एक हजार स्क्वेयर फीट के ग्राउंड फ्लोर मकान में 400 बोरी सीमेंट लगती है। दस दिन पहले जब सीमेंट के भाव 335 रुपए प्रति बोरी थे। तब अकेले सीमेंट पर ही 1 लाख 34 हजार रुपए खर्च होते थे। वहीं अब 365 रुपए प्रति बोरी है तो 1 लाख 46 हजार रुपए खर्च होंगे। मकान बनाने वालों को 12 हजार रुपए सीमेंट पर अब ज्यादा चुकाना होंगे।

### कंपनियों ने 10 दिन में दूसरी बार सीमेंट के बढ़ाए भाव...

सीमेंट एजेंसी के प्रमुख हरीश रावले ने बताया कि कंपनियों ने 10 दिन में सीमेंट के भाव दूसरी बार बढ़ाए हैं। सीमेंट के भाव 30 रुपए प्रति बैग तक बढ़ गए हैं। सभी कंपनियों ने भाव में बढ़ोतरी की है। मकान बनाने वालों पर भार बढ़ गया है। कंपनी स्तर पर ये बढ़ोतरी की गई है।

### फिनिशिंग नहीं है आसान...

घर का ढांचा तैयार करने के बाद टाइल्स, सेनेटरी व हार्डवेयर का काम भी होता है। इसकी कीमतों में भी 40 से 50 फीसदी का इजाफा हुआ है। ठेकेदारों के मुताबिक पहले पांच हजार रुपए प्रति बाथरूम तैयार करने के लेते थे, जो अब 15 हजार रुपए हो गए हैं। टाइल्स फिटिंग का काम 30 रुपए प्रति वर्गफीट से बढ़कर 45-50 रुपए हो गया है।

### कोरोना के बाद नहीं लौटे उप्र व बिहार के कारीगर...

मकान बनाने के बाद हर शख्स फर्नीचर तैयार कराता है। ठेकेदार यह काम प्रतिशत से करते हैं। सामग्री की कीमत से 25-35 फीसदी उनकी मजदूरी होती थी, लेकिन अब 40 फीसदी से ज्यादा हो गई है। ठेकेदारों मुताबिक, कोरोना से पहले बिहार व यूपी के कारीगर बड़ी संख्या में थे। वे लौटकर नहीं आए। उन्हें वहीं काम मिल गया। इससे कारीगरों की समस्या हो गई है। जो यहां है वे ज्यादा दाम मांग रहे हैं। प्लायवुड व लकड़ी से लेकर फर्नीचर में लगने वाली वस्तुओं की कीमतों में भी इजाफा हुआ है।

### यह हुआ कीमतों में इजाफा...

| सामग्री | दो साल पहले | अब |
|---|---|---|
| मुरम | 250 रुपए वर्गमीटर | 550 रुपए वर्गमीटर |
| सीमेंट | 300 रुपए बोरी | 365 रुपए बोरी |
| सरिया | 5000 रुपए क्विंटल | 5800 रुपए क्विंटल |
| ईट | 5.50 रुपए नग | 8 रुपए नग |
| रेत | 40 रुपए वर्गफीट | 80 रुपए वर्गफीट |
| गिट्टी | 5 हजार रुपए वर्गमीटर | 7 हजार रुपए वर्गमीटर |

# सडक़ हादसे में सरपंच पुत्र सहित चार की मौत

## एक्सप्रेस वे पर आमने-सामने टकराई पिकअप-स्कार्पियों!



**शामगढ़, 05 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात में बड़ा हादसा हो गया। यहां पिकअप व स्कार्पियो में आमने-सामने की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों में गरोठ तहसील के भामखेड़ी सरपंच के बेटे सहित तीन लोग व पिकअप चालक शामिल है। पिकअप में सवार एक व्यक्ति घायल है।

शामगढ थाना प्रभारी निरीक्षक उदयलाल अलावा ने बताया कि एक्सीडेंट बर्डिया पूना- देवरी गांव के पास रात करीब 1 बजे हुआ। एक्सप्रेस वे पर रांग साइड आ रही स्कॉर्पियो एमपी 14 जेडएल 9680 ने सामने से आ रहे लोडिंग पिकअप आरजे17 जीए 8600 को टक्कर मारी। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही शामगढ़ थाने से डायल 100 घटनास्थल पर पहुंचीं। प्रधान आरक्षक गंगाचरण की सूचना पर उपनिरीक्षक कुलदीपसिंह राठौड़ घटना स्थल पर पहुंचे। घायल संतोष जैन को शामगढ़ के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। मृतकों के शवो का सुबह पोस्ट मार्टम कराया गया।

### एक घायल, बड़ा अस्पताल रेफर...

स्कॉर्पियो में गरोठ तहसील के भामखेड़ी निवासी शंकर सिंह (25), गोविंद सिंह (25) और बालू सिंह (25) सवार थे। जबकि, पिकअप राजस्थान के झालावाड़ जिले का रहने वाला सूरजमल प्रजापति (37) चला रहा था। चारों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पिकअप सवार संतोष कुमार (38) पिता नंदलाल जैन घायल है। उसे शामगढ़ के सरकारी अस्पताल से मंदसौर बड़े अस्पताल रेफर किया गया।

### रांग साइड से लौट रहे थे स्कॉर्पियो सवार...

स्कॉर्पियो सवार तीनों दोस्त भानपुरा में किसी कार्यक्रम से गरोठ लौट रहे थे। जबकि, पिकअप चालक भवानी मंडी से मैथी दाना लेकर रतलाम जिले की जावरा मंडी जा रहा था। स्कॉर्पियो गरोठ के टोल टैक्स नाका से जावरा की तरफ निकल आई थी। इसका पता चलने पर तीनों दोस्त गाड़ी वापस घुमाकर रांग साइड से वापस गरोठ की तरफ आ रहे थे। इसी बीच उनकी गाड़ी पिकअप वाहन से टकरा गई। पुलिस ने शवों को शामगडढ़ सरकारी अस्पताल की मर्चुरी रूम में रखवाया है। पोस्टमॉर्टम के बाद इन्हें परिजन को सौंपा गया।

## खूंखार कुत्तों ने किया बकरियों पर हमला, 6 बकरियों की मौत, 4 घायल

**नीमच, 05 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** शहर के ग्वालटोली के एक मकान के कमरे में बंद बकरियों पर खूंखार कुत्तों ने हमला कर दिया। जिसमें 6 बकरियों की मौत हो गई। जबकि, चार बकरियां गंभीर रूप से घायल हो गई। मिली जानकारी के अनुसार ग्वालटोली क्षेत्र में बुधवार -गुरुवार की रात करीब 2 बजे के आसपास खूंखार कुत्तों ने लालू ग्वाला के घर के एक हिस्से में बने कमरे में बंद 10 बकरियों पर जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में 6 बकरियों की मौत हो गई, जबकि 4 बकरियां गंभीर रुप से घायल हो गई। घटना की जानकारी परिजनों को तब हुई जब बकरियां के जोर-जोर से आवाज करने लगी। तब परिजनों ने कुत्तों .... शेष पेज 4 पर

# पीसीसी अध्यक्ष पटवारी 10 को गरोठ क्षेत्र में, जनसभा को करेंगे संबोधित



**गरोठ, 05 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अर्थात पीसीसी अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी 10 सितंबर मंगलवार को सीतामऊ, बसई, मेलखेड़ा होते हुए सुबह 11 बजे गरोठ विधानसभा के ग्राम देवरिया से किसान ट्रैक्टर रैली करते हुए 11.30 बजे साठखेड़ा पहुंचकर किसानो की सभा को संबोधित करेंगे।

इस कार्यक्रम में पूर्व सांसद सुश्री मीनाक्षी नटराजन, अखिल भरतीय कांग्रेस कमेटी रष्ट्रीय सचिव श्री कुणाल चौधरी, पूर्व मंत्री श्री सुभाष कुमार सोजतिया, पूर्व मंत्री श्री नरेंद्र नाहटा, पूर्व विधायक एवं लोकसभा प्रत्याशी श्री दिलीप सिंह गुर्जर, पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक श्री नवकृष्ण पाटिल, पूर्व विधायक श्रीमती पुष्पा भारतीय, कांग्रेस नेता श्री राकेश पाटीदार, श्री परशुराम सिसोदिया सहित कई वरिष्ठ नेता सहभागिता करेंगे।

कार्यक्रम पश्चात प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं राष्ट्रीय सचिव कुणाल चौधरी गरोठ होते हुवे 8 लेन से इंदौर के लिये प्रस्थान करेंगे। उक्त जानकारी देते हुए मंदसौर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विधायक विपिन जैन ने जिले के सभी कांग्रेस कार्यकर्ता एवं किसान बंधुओ से अपील करते हुए निवेदन किया कि अधिक से अधिक संख्या में इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर किसान ट्रैक्टर रैली एवं जनसभा को सफल बनावे।



# मिट्टी खोदकर गोदाम में घुसे थे

## लहसून चोरी के आरोप में चार गिरफ्तार

**मंदसौर, 05 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** व्यापारी के गोदाम से लहसून चोरी के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को पकड़ा है। पुलिस ने बताया कि बीती 16 अगस्त को बंजारी बालाजी ढाबे के सामने सीतामऊ रोड़ स्थित गोदाम में रखा 5 क्विंटल लहसून चोरी हो गया था। मामले में पुलिस ने उस समय प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरु की थी। पुलिस टीम के प्रयास एवं तकनीक के प्रयोग से आरोपी दिनेश पिता रामलाल बागरी उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम अरनिया निजामुद्दिन, कन्हैयालाल पिता रामलाल बागरी उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम अरनिया निजामुद्दिन, मोहन बागरी पिता रामलाल बागरी उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम अरनिया निजामुद्दिन, अशोक बागरी पिता गिरधारीलाल बागरी उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम अरनिया निजामुद्दिन को हिरासत में लिया। आरोपियो द्वारा बताया गया कि सभी ने मिलकर अनुराम शर्मा के सुने पडे गोदाम मे दरवाजे के नीचे कच्ची मिट्टी खोदकर अंदर प्रवेश किया। इसके बाद पीछे का दरवाजा खोल दिया। वहां से लहसून चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

## मास्टर प्लान हुआ वापस, 2041 के हिसाब से नया प्लान बनेगा

**मंदसौर, 05 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** शहर के मास्टर प्लान 2035 को राज्य शासन ने निरस्त कर दिया हैं। अब वर्ष 2041 की जनसंख्या और स्थिति को देखते हुए मास्टर प्लान बनाने के निर्देश दिए गए हैं। नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग की अवर सचिव सुप्रिया पेंडके ने आयुक्त संचालक ग्राम एवं निवेश विभाग भोपाल को यह निर्देश जारी किये हैं। नगरीय प्रशासन मंत्री के आदेश का हवाला इस आदेश मे दिया गया हैं।

## विक्रम कंजर को पुलिस टीम ने दबोचा, दो थानों को थी तलाश

**मंदसौर, 05 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** सुवासरा पुलिस ने लंबे समय से फरार एक कंजर को दबोचा है। वह पिछले साल से ही एनडीपीएस एक्ट सहित अन्य मामलो में फरार था। उस पर सुवासरा थाने के प्रकरण में 2 हजार को तो नाहरगढ़ थाने के मामले में 5 हजार रूपए का ईनाम घोषित था।

ईनामी आरोपी विक्रम पिता चणिया उर्फ श्रवण कंजर निवासी मुंडला कंजर का डेरा जिला झालावाड़ को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जैल भेज दिया गया। उसे गिरफ्तार करने में सुवासरा थाना निरीक्षक कमलेश प्रजापति सहित टीम का सहयोग रहा।

## मामला 4 माह पूर्व पिपलिया में 46 ट्रकों में भरकर जा रहे गौवंश बरामदगी का...

# गौशाला में ही रहेंगे 590 गौवंश

## सुपुर्दगी के लिए दायर याचिका को कोर्ट ने किया खारिज

**पिपलियामंडी, 05 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** 46 ट्रकों में भरकर ले जाए जा रहे 590 गौवंश की सुपुर्दगी को लेकर दायर याचिका मंदसौर कोर्ट ने खारिज कर दी, अब गौवंश गौशाला में ही रहेंगे। जानकारी के अनुसार 28 अप्रेल 2024 को गौरक्षा दल, गौ उत्थान संगठन व हिन्दू संगठन कार्यकर्ताओं ने नागोर के बलदेव पशु मेले से 46 ट्रकों में भरकर ले जाए जा रहे 590 गौवंश मुक्त कराए थे व पिपलिया पुलिस के सुपुर्द किए थे, इस प्रकरण में 81 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज हुआ था। जब्त गौवंश को पुलिस ने जिले की विभिन्न गौशालाओं में भिजवा दिया था। प्रकरण में न्यायालय ने आरोपियों को ट्रकों की सुपुर्दगी दे दी थी। इसके बाद खापरवाड़ी (आकोला, महाराष्ट्र) निवासी गजानन पुत्र बालाभाउ ने गौवंश को सुपुर्दगी की याचिका दायर की थी। इसमें गौ रक्षा दल के प्रदेश उपाध्यक्ष हेमेन्दसिंह राठौर, कृष्णपालसिंह पंवार, एड. ... शेष पेज 4 पर



## यह कैसा सड़क सुरक्षा पखवाड़ा

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के समय भी शहर के मुख्य गांधी चौराहा पर लगने लगी सब्जी मंडी, महारानी स्कूल के बाहर भी बढ़ा अतिक्रमण, जिससे बार-बार लगता जाम। लेकिन, जिम्मेदारों का नहीं है इस ओर ध्यान...!

# एक साल में की 47 लोगों ने घर वापसी

## इस्लाम छोड़ पुनः अपनाया हिन्दू धर्म, अब मेहनाज बी बनी मीनाक्षी, बेटे बने लव-कुश



**मंदसौर, 05 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** वैदिक मंत्रोच्चार के साथ 30 साल की एक महिला मेहनाज बी से मीनाक्षी बन गई। महिला ने अपने दो बेटों के साथ सनातन धर्म अपनाया। यहां उसने अपने बड़े बेटे को नया नाम लव और छोटे को कुश दिया।

धर्म वापसी अभियान में जुटे हुए श्री चेतन्य सनातनी ने बताया कि वे इसके पहले तक 44 लोगों की सनातन धर्म में वापसी करवा चुके हैं। मेहनाज और उसके दोनों बच्चों को मिलाकर यह 47वीं घर वापसी है। श्री चेतन्य ने बताया कि धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम और मध्यप्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम 2021 की धारा 10 की उप धारा के तहत कलेक्टर को घोषणा पत्र देकर कोई भी वयस्क व्यक्ति धर्म परिवर्तन करने का अधिकार रखता है। महिला और उसके बच्चों की घर वापसी में भी इसी कानूनी प्रक्रिया का पालन किया गया है। कानूनी मंजूरी के बाद कोई भी व्यक्ति खुद की इच्छा से धर्म परिवर्तन कर सकता है।

**सनातनी बनने के बाद महिला ने कहा-** 15 साल से मर-मर कर जीवन जी रही थी। आज मैं ससुराल-मायका सभी पक्षों से मुक्त हो गई हूं। अब अपने बेटों के साथ सनातनी बनकर जीऊंगी। मंदसौर जिले के धमनार की रहने वाली महिला मेहनाज बी (30) ने अपने दो बेटे फरान (12) और फैजान (11) के साथ सनातन धर्म अपनाया। बुधवार देर शाम कालाखेत स्थित गायत्री मंदिर में वैदिक मंत्रोचार के साथ महिला और उसके दोनों बेटों को दूध, दही, शहद, गंगाजल, गौमूत्र और गोबर से स्नान करवाया गया। करीब डेढ़ घंटे चले मंत्रोचार के बाद सभी का नामकरण किया गया। सनातन धर्म में वापसी करने वाली मेहनाज बी को नया नाम मीनाक्षी मिला। जबकि बड़े बेटे फरान खान को लव और फैजान खान को नया नाम कुश मिला। दोनों ने मां के साथ विधि-विधान से पूजन और आरती कर सनातन धर्म अपनाया।

अब तक 47 लोगों को सनातनी बनाने वाले चैतन्य सनातनी की देखरेख में तीनों की घर वापसी हुई। मेहनाज बी ने बताया कि उसका मायका मल्हारगढ़ में है। पिता अब्दुल रशीद किसान हैं। 15 साल पहले धमनार गांव के रहने इरफान खान से उसका निकाह हुआ था। शुरू के एक दो साल तो सब कुछ ठीक रहा, लेकिन इसके बाद पति के साथ ही सास-ससुर के व्यवहार में बदलाव आ गया। वे छोटी-छोटी बातों का इश्यू बनाने लगे। मुझे ऐसा लगता था, जैसे वो लोग मारपीट के लिए मौका तलाशते थे। जरा सी बात पर अपशब्द कहते और हाथ उठा देते थे। इस बारे में पिता को बताया तो उन्होंने कहा- यह तुम्हारा पारिवारिक मामला है। उन्होंने यहां ज्यादा दखल नहीं दिया। जब पति और ससुरालवाले मारपीट करते तो पिता को बताती। वे कहते- उसी परिवार में एडजस्ट करना है। रोज की पिटाई और तानों से तंग आ गई थी। मुझ पर क्या-क्या नहीं गुजरी, कुछ बातें तो बता भी नहीं सकती। मर-मरकर जी रही थी। जब बर्दाश्त से बाहर हो गया तो घर छोड़ने का निर्णय ले लिया। मेहनाज बी ने धर्म परिवर्तन करने को लेकर कहा- उसकी हिन्दू धर्म में आस्था है। हमारे धर्म में मुझे वह इज्जत नहीं मिली, जो एक महिला को मिलनी चाहिए। सनातन धर्म में महिलाओं को देवी का दर्जा दिया जाता है। मैंने मोबाइल पर चेतन्य सनातनी के कई वीडियो देखे। सनातन धर्म के बारे में पड़ा, जानकारी जुटाई। इसके बाद चेतन्य सनातनी की टीम से संपर्क किया। कानूनन प्रक्रिया के लिए आवेदन किया और आज गायत्री मंदिर में सनातन धर्म अपनाया।

### केन्द्रीय गणेशोत्सव समिति के तत्वाधान में...

# अनन्त चतुर्दशी पर्व पर नगर में 21 झांकिया निकलेगी

**सर्वानुमति से नरेंद्र अग्रवाल को समिति का अध्यक्ष बनाया गया**



**मंदसौर, 05 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** केंद्रीय गणेश उत्सव समिति के तत्वाधान में अनंत चतुर्दशी पर्व पर निकलने वाली आकर्षक नयनाभिराम झांकियो एवं गणपति विर्सजन के चल समारोह की तैयारी को लेकर एक मीटिंग गुरुवार को प्रेम रेस्टोरेंट में समिति के अध्यक्ष पंडित दिलीप शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। मीटिंग में संरक्षक पंडित राधेश्याम शर्मा पाटर्नर, नरेंद्र अग्रवाल भी मंचस्थ थे। मीटिंग में सर्वानुमति से समाजसेवी नरेंद्र अग्रवाल को समिति का नवीन अध्यक्ष बनाया गया। मीटिंग में मध्य प्रदेश विद्युत मंडल द्वारा इस बार झांकियो पर विद्युत कनेक्शन नहीं दिए जाने के पत्र पर भी चर्चा की गई और सर्वानुमति से सभी ने विद्युत मंडल के इस तुगलकी निर्णय का पर घोर आक्रोश व्यक्त करते हुए पुर जोर विरोध किया और सनातनी पर्वो को बंद करने की साजिश बताया।

केंद्रीय गणेश उत्सव समिति के संरक्षक पंडित राधेश्याम शर्मा पार्टनर ने कहा कि मंदसौर शहर में पर्वों र्की एक परंपरा है इस परंपरा का निर्वहन यह समिति करती आ रही है। लगातार 60 वर्षों र्से अनंत चतुर्दशी पर्व पर मंदसौर शहर में रात भर झांकियो का कारवां निकलता है जो अपने आप में एक बडी बात है लेकिन कहीं ना कहीं इन पर्वो र्में कर्मी आने लगी है उस कमी को दूर करने के लिए हम सबको सामूहिक प्रयास करना होंगे। समिति के निवर्तमान अध्यक्ष पंडित दिलीप शर्मा ने कहा कि 60 वर्षो र्पूर्व आरंभ की गई परंपरा आज भी जीवित है। इस बार समिति के नवीन अध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल की अगुवाई में अनन्त चतुर्दशी पर्व ओर उत्साह से मने ऐसे प्रयास किये जाएंगे। नव मनोनीत अध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल ने कहा कि पूरे मंदसौर शहर कि यह सबसे बड़ी समिति है जिसके माध्यम से 60 वर्षो र्से गणपति विसर्जन का भव्य समारोह एवं अनंत चतुर्दशी पर्व पर निकलने वाली झांकियो की जिम्मेदारी रहती है। समिति ने जो सर्वानुमति से अध्यक्ष पद का दायित्व मुझे सोपा है उस दायित्व पर में खरा उतरने की कोशिश करूंगा और वर्तमान में पिछले वर्ष 10 झांकियां निकली थी इस बार कोशिश की जाएगी की अनंत चतुर्दशी पर्व पर मंदसौर शहर में 21 झांकियां और अखाड़े निकले। श्री अग्रवाल ने कहा कि अनंत चतुर्दशी पर्व पर इंदौर जैसे महानगर में निकलने वाली झांकियां को विकास प्राधिकरण और अन्य सामाजिक संस्थाओं, जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रोत्साहन राशि प्रदान कर सम्मानित किया जाता है। मंदसौर शहर में भी अनंत चतुर्दशी पर निकलने वाली झांकियां को समिति द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

अखंड भारत तिरंगा यात्रा समिति के संयोजक गौरव अग्रवाल ने कहा कि सनातनी पर्व पूरे उत्साह के साथ मनाना चाहिए। विद्युत मंडल द्वारा 60 वर्षो र्से चली आ रही विद्युत कनेक्शन देने की परंपरा को बंद करना कदापि उचित नहीं है। सामाजिक संस्थाओं से चर्चा कर झांकियां बढाई जा सकती है। सामाजिक कार्यकर्ता हिम्मत डांगी ने कहा कि भगवान गणेश जी की प्रतिमा विसर्जन के दौरान सभी को सावधानी बरतना चाहिए और जो निर्धारित स्थान है वहां पर मूर्ति विसर्जन हेतु देना चाहिए ताकि विधि विधान से मूर्ति का विसर्जन हो सके। आपने भी विद्युत मंडल द्वारा जो हिटलर शाही पूर्वक पत्र निकाला गया है इसका विरोध किया। समाजसेवी सुनील बंसल ने कहा कि हम सबको मिलकर उत्साह के साथ अपने पर्व मनाना चाहिए। गणपति विर्सजन हेतु नगर में ओर पाइंट बढ़ाना चाहिए। कुमावत समाज के अध्यक्ष राधेश्याम बरानिया ने कहा कि झांकियो पर विद्युत कनेक्शन दिए जाने की परंपरा बंद करना सरासर गलत है हम सबको इसका विरोध करना चाहिए। श्री राम गणेश उत्सव समिति राम टेकरी की झांकी के संचालक कपिल मावर ने कहा कि सभी झांकियो एवं अखाड़ो का सम्मान होना चाहिए। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की ओर से मुकेश पालीवाल, वाल्मीकि समाज की ओर से मुकेश चनाल, नरेश परमार, सराफा एसोसिएशन के सचिव उमेश पारीक सहित अनेक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखें। केंद्रीय गणेश उत्सव समिति की मीटिंग में सर्वश्री अर्जुन डाबर ,गोपाल मंडोवरा, रमेश काबरा, विष्णु मकवाना, पंडित अनिरुद्ध शर्मा ,लोकेंद्र कुमावत, मांगीलाल कुमावत, रमेश ग्वाला, शांतिलाल ग्वाला ,महेंद्र सुरहा, सुनील पोरवाल ,मुकेश भटेवरा, राकेश बैरागी, ओंकार लाल शर्मा, विपिन गर्ग ,रितेश गर्ग ,कैलाश पुरोहित, अजय भाटी, विजय परमार ,निलेश कुमावत, सुनील मुंडेल ,नवीन गोसर ,रोहित मावर, कृशांग परमार, दीपक ग्वाला ,बंटी लोध, चेतन कुरारिया,हरिओम सूरहा,योगेश कुमावत, राज खेतरा,लखन डागर, गौरव मावर, मनीष कल्याणे सहित बड़ी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित थे। आरंभ में केंद्रीय गणेश उत्सव समिति के अध्यक्ष पद पर नरेंद्र अग्रवाल को सर्वानुमति से मनोनीत किये जाने पर समिति के पंडित दिलीप शर्मा, राधेश्याम शर्मा पार्टनर सहित उपस्थित सभीगणमान्य जनो एवं सदस्यों स्वागत कर बधाई दी। इस अवसर पर समाजसेवी श्री सुनील बंसल का जन्मदिन एवं सेठ ईलाजी नाथूराम ट्रस्ट (श्री द्विमुखी चिंताहरण गणपति मंदिर समिति ) में ट्रस्टी के रूप में श्री रमेश काबरा, उमेश पारीक एवं रितेश गर्ग टिंकू को लिए जाने पर उनका भी स्वागत किया गया। मीटिंग का संचालन प्रदीप भाटी ने किया तथा आभार राजकुमार सिंहल ने माना।



### अभा पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला मंदसौर की तहसील भानपुरा इकाई द्वारा...

## सेवानिवृत होकर आए सैनिक मुकेश प्रजापत का किया स्वागत

**भानपुरा, 05 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की भानपुरा इकाई के पूर्व सैनिकों द्वारा मां भारती के सपूत भानपुरा के लाल सैनिक मुकेश कुमार प्रजापति का भानपुरा नगर में हुआ भव्य स्वागत सर्वप्रथम भानपुरा के मुख्य चौराहा बजरंगबली चौराहा से स्वागत यात्रा का प्रारंभ करते हुवे नगर के न्यू बस स्टैंड लोड खेड़ी गेट, कचहरी चौक होते हुए सैनिक के निवास पर पहुंचे, भानपुरा में सेवानिवृत्ति सैनिक मुकेश प्रजापत का अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद भानपुरा इकाई के सभी पूर्व सैनिकों द्वारा माला श्रीफल व साफा पहनाकर कर स्वागत किया।

भानपुरा नगरवासियों एवम पूर्व सैनिकों द्वारा जगह-जगह सैनिक के स्वागत में पुष्प बरसाए गए जगह-जगह माला श्रीफल से किया स्वागत, मातृशक्ति भी रही उपस्थित सुनीता कछावा व किमी चौधरी द्वारा दिव्या प्रजापति का किया गया स्वागत वही न्यू टारगेट अकादमी के सभी छात्र, छात्राओं और स्कूल स्टाफ ने भी किया भव्य स्वागत सेवानिर्वात सैनिक मुकेश प्रजापति ने कहा कि में आज गदगद हो गया आप सभी का स्वागत सम्मान पाकर में आज बहुत गर्व महसूस कर रहा हु और इसी गर्व के साथ में एक बात कहना चाहूंगा कि में 17 वर्ष देश सेवा करके आया हु लेकिन मेरी सेवा अभी पूरी नहीं हुई में में आप सभी नगरवासियों और पूर्व सैनिकों के साथ मिलकर आमजन के साथ मिलकर समाज सेवा करूंगा आपने अनुभव से आती हुई पीढ़ी को जागृत करूंगा, कार्यक्रम का संचालन भानपुरा तहसील प्रभारी पूर्व सैनिक दिलीप कुमार धनगर ने किया आभार विजय कछावा ने माना। इस अवसर पर पूर्व सैनिक संगठन के भानपुरा तहसील प्रभारी दिलीप धनगर सहप्रभारी विजय कछावा कप्तान गणेश दुबे धीरज सिंह राठौर लक्ष्मीनारायण राजकुमार पाटीदार राजकुमार माली राजन देवडा अशोकमाली अनेक सिंह तुलसीराम विष्णु नारायण चौधरी जितेंद्र भान प्रकाश मीणा लोकेंद्र सिंह कुलदीप मोतीलाल संजय सहित बड़ी संख्या के पूर्व सैनिक उपस्थित रहे

### कलेक्टर के निर्देशो का जनसुनवाई में दिखने लगा असर...

## आमजनों को जनसुनवाई से मिलने लगी राहत



**नीमच, 05 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा द्वारा जनसुनवाई कार्यक्रम तहसील मुख्यालय पर आयोजित करने के आदेश दिए जाने के बाद तहसील के आम नागरिकों की समस्याओं का स्थानीय परम्परा समाधान भी होने लगा है।

कलेक्टर श्री चंद्रा के निर्देशों का ही परिणाम है, कि तहसील मुख्यालय पर आयोजित होने वाली जनसुनवाई में ग्रामीणों और आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के निराकरण का लाभ मिलने लगा है, जिसका उदाहरण सिंगोली तहसील के ग्राम पटियाल में देखने को मिला जिनकी पेयजल समस्याम का दो दिन में निराकरण हो गया है, इससे ग्रामीणों के चहेरे पर खुशी नजर आ रही है। बीते मंगलवार को जनसुनवाई में पटियाल के वार्ड क्रमांक 4 और 5 के निवासियों ने लगभग 5 माह से पीने के पानी की समस्या का समाधान करने का आवेदन सिंगोली तहसीलदार को दिया। ग्रामीणों ने तहसीलदार श्री आर.के. सोनी को पीने के पानी की समस्या से अवगत करवाया और जल्द से जल्द समस्या का निराकरण करने की मांग की। इस पर तहसीलदार आर.के. सोनी ने कलेक्टर श्री चंद्रा के निर्देश पर जनसुनवाई में प्राप्त आवेदन पर जनपद पंचायत जावद सीईओ आकाश धुर्वे से सहयोग प्राप्त कर ग्राम पंचायत पटियाल के वार्ड क्रमांक 4 और वार्ड क्रमांक 5 में सरपंच सचिव को निर्देशित कर पेयजल की उपलब्धता करवाई, जिससे वार्डवासियों के चेहरे पर मुस्कान लौट आई और ग्रामीणों ने कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा को धन्यवाद देते हुए कलेक्टर द्वारा तहसील मुख्यालय पर जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित करने ,ग्रामीणों की पेयजल समस्या का समाधान कर तत्काल राहत प्रदान करने की प्रशंसा करते हुए उन्हे धन्यवाद दिया है।

## स्कूल एवं बालिका छात्रावास में कैक काटकर मनाया शिक्षक दिवस

**मंदसौर, 05 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** हर साल 5 सितंबर को पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती को राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार का उद्देश्य देश में शिक्षकों के अद्वितीय योगदान को सम्मानित करना है। वर्तमान में आज भी कई ऐसे शिक्षक हैं, जिन्होंने अपनी अलग पहचान बना ली है।

हर व्यक्ति के जीवन में शिक्षक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। एक टीचर ही एकमात्र मार्गदर्शक होता है जो ज्ञान की लौ प्रज्वलित करता है। एक शिक्षक अपनी मेहनत और लगन से अपने छात्रों को शिक्षित करता है और उनके बेहतर भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। शासकीय माध्यमिक स्कूल गरनाई एंव बालिका छात्रावास संजीत बड़े धूमधाम से छात्र छात्राओं ने शिक्षक दिवस मनाया। बच्चों ने उपहार स्वरूप शिक्षकों साथ केक काटकर बड़े आनंदित रूप शिक्षक दिवस मनाया और शिक्षको का आशीर्वाद लिया। इस कार्यक्रम दोरान बच्चों ने अपनी पारम्परिक वेश में साँस्कृतिक आयोजन की प्रस्तुतियां दी। छात्र/ छात्राओं और से शिक्षको को उपहार भेट किए. वहीं शिक्षको और से बच्चों को सुभ आशीर्वाद साथ गिफ्ट दिए गए. इस अवसर पर



राज्यपाल से सम्मानित आदर्श शिक्षिका श्री मति ललिता सिसौदिया ने स्कूल और छात्रावास. छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुवे कहा कि गुरु यानी अज्ञान के अंधकार से ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाने वाला. बच्चे को नैतिकता, ईमानदारी, दया और नम्रता के रास्ते पर स्थापित करने की जिम्मेदारी शिक्षकों की है.गुरु शब्द का अर्थ ज्ञानदाता होता है। हमारे जीवन में गुरु का महत्वपूर्ण स्थान होता है, क्योंकि वो हमारे ज्ञान के मार्गदर्शक होते हैं, हमें सही और गलत के बीच अंतर को समझाते हैं और हमारे व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास में मदद करते हैं।शिक्षक दिवस का महत्व यह है कि भारतीय संस्कृति गुरु और शिष्य (शिक्षक और छात्र) के रिश्ते को बहुत महत्व देती है. यह दिन न केवल डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती का उत्सव है, बल्कि यह शिक्षकों की लगन और कड़ी मेहनत का भी सम्मान करता है. पांच सितंबर को शिक्षक दिवस इसी बात का प्रतीक है. जहां छात्रों को अपनी कृतज्ञता और प्रशंसा व्यक्त करने का अवसर मिलता है, वहीं शिक्षकों को आत्मनिरीक्षण करने और छात्रों के लिए एक स्वस्थ और प्रेरक वातावरण बनाने का मौका मिलता है।



## ऑर्गन डोनेशन के लिए लोगों को प्रोत्साहित करें तथा ड्राइव चलाएं-कलेक्टर

**मंदसौर, 05 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** लेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग ने रेडक्रॉस के साथ एक विशेष बैठक सुशासन भवन सभागृह में ली। बैठक के दौरान उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि जिले में ऑर्गन डोनेशन के लिए भी ड्राइव चलाएं तथा इसके लिए लोगों को प्रोत्साहित करें। इस संबंध में जिला अस्पताल के साथ एक बेहतर प्लान तैयार किया जाएगा। जिला अस्पताल में ब्लड डोनेशन में बेहतर काम किया जा रहा है। इसके साथ ही हम ऑर्गन डोनेशन पर भी कार्य करेंगे। रेड क्रॉस द्वारा चलाई जारी विभिन्न गतिविधियां जिसमें नशा मुक्ति केंद्र, छात्रावास, मेडिकल, एंबुलेंस, वृद्ध आश्रम इत्यादि की विस्तार से जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि रेड क्रॉस के दो अकाउंट को एक अकाउंट में ही मर्ज किया जाए। इसके साथ ही रेड क्रॉस नवीन गतिविधियां भी आयोजित करें जिससे और अधिक से अधिक लोग जुड़े। रेड क्रॉस को राज्य के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर पर भी बढ़ाएं। जूनियर रेड क्रॉस की गतिविधियों को और अधिक सक्रिय करें। इसके साथ ही रेड क्रॉस ट्रैक्टर, ट्रॉली पर रेडियम लगाने का एक विशेष अभियान कृषि उपज मंडी से शुरू करें। बैठक के दौरान संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल चौहान, रेड क्रॉस अध्यक्ष श्री प्रीतेश चावला, रेड क्रॉस संचालक, सदस्य मौजूद थे।

## पड़दा में विधायक मारू ने किया विकास कार्यो का लोकार्पण व भूमिपुजन

**मनासा, 05 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** गुरु का हमेशा सम्मान करे। गुरु हमें कर्मफल का रास्ते बताते है। सम्मान दोगे तो सम्मान मिलेगा। गुरु का आशीर्वाद ले और जहां भी वह मिले उनका सम्मान कर नमन अवश्य करें। गुरु हमेशा आशीर्वाद ही देंगे।आज कई विकास कार्यो का लोकार्पण हुआ। भूमिपुजन भी हुए। विकास यह परंपरा तो हमेशा जारी रहेगी। जितनी आपकी मांगे है धीरे धीर पूरी हो रही है। मांग एक ऐसी चीज जो कभी रूकेगी नहीं लेकिन विकास भी सतत चलता रहेगा। गंगाबावडी सडक की सौगात मिल गई है अब कुकडेश्वर से दांतोली, पानमाता का रोड जरूरी है उसे भी बनाया जाएगा। स्वीकृति का प्रयास जारी है। यह बात विधायक अनिरूद्ध माधव मारू ने कही। वह ग्राम पंचायत पड्दा में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होने पड्दा में 81.20 लाख के 16 विकास कार्यो का लोकार्पण एवं 34.64 लाख के करीब 8 विकास कार्यो का भूमिपूजन किया। कन्यापूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मण्डल अध्यक्ष कैलाश जी पुरोहित, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि जगदीश जी गरासिया, सरपंच सुभाष श्रीमाल जी, उपसरपंच विष्णु बाण्डा, केदार धनगर, नितिन श्रीमाल, प्राचार्य हेमेंद्र श्रीवास्तव सहित पंचगण एवं पार्टी के सभी श्रेष्ठ कार्यकर्ताओ की उपस्थिति में लोकार्पण भूमिपूजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सेवानिवृत्त शिक्षक श्री सत्यनारायण पारीक व श्री रामचन्द्र वर्मा का सम्मान किया गया। विधायक मारू ने शिक्षकों का सम्मान कर उन्हें शिक्षक दिवस की बधाई दी। श्री मारू ने आगे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी देश को मजबूत करने का काम कर रहे है और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में हम विधानसभा का विकास करने में लगे है। अभी भी मुख्यमंत्री श्री यादव ने पूरे चार साल का रोड मेप पहले ही मांग लिया है। जितनी भी सड़के, डेम, और अन्य काम बचे है उन्हें चार साल में पूरा करना है यह संकल्प है हमारा। अवैध अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जनता की जमीन है गांव विकास में काम आएगी। और जब विकास करना है तो जमीने बचानी भी होगी। इसलिए सभी से अनुरोध है अवैध अतिक्रमण करने से बचे। गांधी सागर से पेयजल और सिंचाई का पानी हमें जल्द मिलने लगेगा। इसका तिव्र गति से काम चल रहा हैं। सरपंच सुभाष श्रीमाल ने स्वागत भाषण प्रस्तुत कर विकास कार्यो की जानकारी दी।

### लहसुन का कट्टा चोरी

**पिपलियामंडी, 05 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** कृषि उपज मंडी से व्यापारी की लहसुन का कट्टा चोरी के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया। पिपलिया कृषि मंडी व्यापारी सुनील पिता नंदराम जोकचदं ने पिपलिया पुलिस चोकी पर शिकायत दर्ज कर बताया कि 20 क्विंटल लहसुन खरीदी थी, जिन्हें पारदर्शी कट्टों में भरी थी। जिसमें से एक 40 किलो लहसुन का कट्टा चोरी कर ले गया। पुलिस ने अज्ञात बदमाश के खिलाफ केस दर्ज किया।

### कुत्तों ने 5 बकरों को मारा

**पिपलियामंडी, 05 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** नगर व क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आंतक बढ़ रहा है। गांव काचरिया चन्द्रावत में एक किसान के बाड़े में बंधे 5 बकरों को आवारा कुत्तों ने मार दिया। जानकारी के अनुसार गुरुवार को दोपहर किसान लालसिंह पिता मूलचंद के बाड़े में बंधे बकरे-बकरियों को घास डालकर खेत चले गए थे। शाम को वापस आए तो पांच बकरे मृत पडे थे, जिन्हें कुत्ते नोच रहे थे। किसान को करीब 30 हजार का नुकसान हुआ है।

### वृद्धजन मेगा चिकित्सा शिविर का आयोजन संपन्न

**नीमच, 05 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** आयुष विभाग मध्य प्रदेश शासन द्वारा जिला आयुष अधिकारी नीमच डॉक्टर आशीष बोराना के निर्देशानुसार शासकीय होम्योपैथिक ओषधालय (कथउ) ढाकनी पर गुरुवार 5 सितंबर को जरावस्था जन्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सा आधिकारी डॉ भरत कुमार पाटीदार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस चिकित्सा शिविर में निशुल्क आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारियों द्वारा स्वास्थ परिक्षण किया गया और आवश्यक परामर्श दिया। साथ ही बीपी शुगर एचबी आदि की निशुल्क जांच कर दवाइयां प्रदान की गई। सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित इस शिविर में कुल 148 लोगो का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हे निशुल्क दवाइयां प्रदान की गई। इस शिविर में डॉ भरत कुमार पाटीदार, डॉ विवेक शर्मा, उक्ज प्राची राठौड़,कंपाउंडर श्याम लाल मालवीय, योगा प्रशिक्षक दीपक माली, आशा कार्यकर्ता संतोष सेन, मंजू मालवीय ,उमादेवी शर्मा, सुधा व्यास ने अपनी सेवाएं दी।

### कार्मेल कान्वेंट स्कूल प्रशासन मनासा ने कहा...

## गलती, आगे से मामलों का ध्यान रखा जाएगा



**मनासा, 05 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** भाजपा नेता एवं नगर परिषद मनासा के वार्ड क्रमांक 02 के पार्षद प्रतिनिधि दिनेश राठौर की मेहनत लाई रंग प्रशासन में कार्मेल कान्वेंट स्कूल मनासा को जारी किया कारण बताओं नोटिस जारी और उक्त मामले में जानकारी मांगी। कार्मेल कान्वेंट स्कूल मनासा मामला तत्काल मनासा प्रशासन में लिया तत्काल एक्शन कार्मेल कान्वेंट स्कूल मनासा कारण बताओ नोटिस जारी किया शिक्षा विभाग ने कल कार्मेल कान्वेंट स्कूल मनासा के बच्चों द्वारा कल मंदसौर नाके पर 10 ,10 दुकान पर जाकर मांगे जा रहें थे उक्त मामले को भाजपा नेता एवं नगर परिषद मनासा के वार्डक्रमांक 02 के पार्षद प्रतिनिधि दिनेश राठौर ने मामले को तत्काल मनासा अनुविभागीय राजस्व अधिकारी एवं तहसीलदार को अवगत कराया और कार्मेल कान्वेंट स्कूल मनासा के खिलाफ कारवाई की मांग की जिस पर मनासा अनुविभागीय राजस्व अधिकारी एवं तहसीलदार के निर्देश पर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने कार्मेल कान्वेंट स्कूल मनासा को तत्काल कारण बताओ नोटिस जारी किया है और मामले की जांच की जा रही है इस मामले में आज मनासा अनुविभागीय राजस्व अधिकारी एवं तहसीलदार एवं स्कूल प्रशासन से मुलाकात की गयी है इस कार्यक्रम में भाजपा नेता विजय जी शर्मा, नगर परिषद मनासा वार्ड क्रमांक 15 के पार्षद दशरथ जी खटवा, एवं कुशल ग्वाला साथ में उपस्थिति थे।

### बिजली चोरी की राशि नहीं भरने पर होगी दंडात्मक कार्यवाही

**मंदसौर, 05 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** अधीक्षण यंत्री म.प्र.प.क्षे. वि.वि.कं. लि. मंदसौर द्वारा बताया गया कि विशेष न्यायाधीश विद्युत अधिनियम न्यायालय के द्वारा बिजली चोरी के प्रकरणों में कुल 35 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। जिसके उपरांत उनके द्वारा बिजली चोरी की राशि न्यायालय में जमा किये जाने पर उन्हें जेल से मुक्त किया गया। ऐसे उपभोक्ता जिनके प्रकरण न्यायालय में लंबित है वे गिरफ्तारी एवं जेल जाने से बचने हेतु बिजली चोरी की राशि जमा करावे अन्यथा उनके विरूद्ध दंडात्मक कार्यवाही की जावेगी।

## विद्यार्थियों ने उज्जैन नगर की शैक्षणिक यात्रा की





**मंदसौर, 05 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, राजीव गाँधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मन्दसौर के स्वामी विवेकानन्द कॅरियर गाइण्डेस सेल एवं युवा संसाधन प्रकोष्ठ के अन्तर्गत महाविद्यालय के विद्यार्थियों की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, विज्ञान एवं पुरातत्त्व स्थलों की प्रमुख नगरी उज्जैन की शैक्षणिक यात्रा सम्पन्न हुई। उच्च शिक्षा विभाग के छात्र-छात्राओं में अपनी विरासत सम्बन्धी सांस्कृतिक चेतना विकसित करने , भारतीय ज्ञान परम्परा एवं पुरातन वैज्ञानिक ज्ञान को बढ़ावा देने, बौद्धिक सम्पदा का लोकव्यापीकरण एवं साइंस टूरिज्म को बढ़ावा देने हेतु विद्यार्थियों को उज्जैन नगर में स्थित ऑब्जरवेट्री/पुरातत्त्व स्थान/ साइंस सिटी आदि स्थानों का शैक्षणिक भ्रमण कराना इस यात्रा प्रमुख उद्देश्य था।

इस शैक्षणिक यात्रा के अन्तर्गत महाविद्यालय के 50 विद्यार्थियों ने जन्तर मन्तर वेधशाला उज्जैन में स्थित शंकु यंत्र, नाडी वलय यंत्र, दिगांश आदि यन्त्रों का अध्ययन किया एवं तारामण्डल स्थल पर ग्रह एवं नक्षत्रों की स्थिति को जाना। त्रिवेणी संग्रहालय में प्राचीन कला एवं विज्ञान के तत्वों को समझा एवं विक्रम उद्योगपुरी क्षेत्र में स्थित पंचामृत अमूल फैक्ट्री का भ्रमण किया। यात्रा के दौरान विद्यार्थियों के मार्गदर्शन हेतु कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं युवा संसाधन सेल के प्रभारी प्रो. योगेश सैनी, एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार आर्य, एन.सी.सी. अधिकारी प्रो. योगेश पटेल, अंग्रेजी विषय के प्रो. सचिन शर्मा एवं बॉटनी विषय के प्रो. उजमा चौधरी उपस्थित थे। महाविद्यालय के स्थानीय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री नरेश चन्दवानी एवं प्राचार्य डॉ. डी.सी. गुप्ता ने सफलतापूर्वक यात्रा पूर्ण करने बधाई देते हुए कहा कि इस यात्रा के माध्यम से विद्यार्थियों ने निश्चय ही काल की नगरी उज्जैन के भ्रमण से ज्ञान, विज्ञान एवं कला के बारे में ज्ञान प्राप्त किया है।

**शासकीय महाविद्यालय दलौदा के विद्यार्थियों ने की उज्जैन की शैक्षणिक भ्रमण यात्रा**-उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के निर्देशानुसार स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय दलोदा के विद्यार्थियों में अपनी विरासत सम्बंधित सांस्कृतिक चेतना विकसित करने, विज्ञान का लोकव्यापीकरण एवं साइंस टूरिज्म को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दलौदा महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने 04 सितम्बर बुधवार को उज्जैन की शैक्षणिक भ्रमण यात्रा की। महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष हेमंत धनोतिया एवं प्राचार्य शैलेंद्र मालीवाड़ ने एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण यात्रा को दलौदा से उज्जैन के लिए महाविद्यालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह शैक्षणिक भ्रमण स्वामी विवेकानंद कैरियर गाइडेंस सेल की गतिविधि के अंतर्गत सांस्कृतिक , ऐतिहासिक, विज्ञान एवं पुरातत्व स्थलों की प्रमुख नगरी उज्जैन में आयोजित गया। इस शैक्षणिक भ्रमण यात्रा में विद्यार्थियों को उज्जैन में विक्रम उद्योगपुरी, तारामंड्ल, जंतर मंतर, त्रिवेणी संग्रहालय तथा अन्य स्थल का भ्रमण करवाया गया। यात्रा में 50 छात्र छात्राओं सहित स्वामी विवेकानन्द करियर गाइडेंस सेल के प्रभारी डॉ. माला हकडिया, सह प्रभारी डॉ. गजराज श्यामसुंदर पंड्यिा तथा प्रो. तोसिफ नागौरी, डॉ. नोंदराम मालवीय, प्रो . रज्ज़ाक मेव फरोश कर्मचारी रमेश बोराना भी शामिल थे। उक्त जानकारी डॉ. ओंकार सिंह रावत ने दी।


दिनांक 06 सितम्बर 2024

अपनी कुण्डली स्वयं देखे-

ज्योतिषाचार्य पंडित यशवंत जोशी के साथ

मकर राशि के लोग...



✲ मकर के लोग चतुर चालाक अब स्थिर बुद्धि वाले होते है तथा अपना कार्य साधने के लिए किसी का भी नुकसान कर सकते है, लेकिन इन्हे जीवन में बहुत अधिक संघर्ष करना पड़ता है, इस राशि के व्यक्ति जिस भी गतिविधि को चुनते हैं, उस क्षेत्र में शीर्ष तक पंहुचते हैं। पर अत्यंत सावधानी और दृढ़ दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ते हैं।

जय दुर्गा ज्योतिष सेवा संस्थान एवं अनुष्ठान केंद्र मंदसौर

7024667840,8085381720


## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 9 | 2527 | 2681 |
| उडद | 3 | 5400 | 5400 |
| सोयाबीन | 3761 | 4050 | 4800 |
| गैहु | 2421 | 2600 | 3200 |
| चना | 44 | 6471 | 7400 |
| मसुर | 131 | 5400 | 5851 |
| धनिया | 370 | 5256 | 6601 |
| लहसुन | 10800 | 10000 | 26600 |
| मैथी | 375 | 5200 | 6350 |
| अलसी | 1231 | 5300 | 5950 |
| सरसो | 165 | 5160 | 5719 |
| तारामीरा | 0000 | 0000 | 0000 |
| इसबगोल | 54 | 9698 | 12301 |
| प्याज | 1804 | 1001 | 3750 |
| कलोंजी | 3 | 16900 | 18130 |
| डॉलर | 18 | 8001 | 12000 |
| तिल्ली | 56 | 9350 | 11799 |
| मटरसुखी | 2 | 6481 | 7181 |
| असालीया | 51 | 10369 | 10819 |

## शहर विकास के लिए कांग्रेस कटिबद्ध है - मनजीत सिंह

**मंदसौर, 05 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष



मनजीतसिंह टुटेजा ने कहा कि वर्तमान मास्टर प्लान जो शून्य हुआ है उसमें कई विसंगतियां थी। अब कांग्रेस भाजपा की सरकार पर दबाव बनाकर मंदसौर के चहुंमुखी विकास का मास्टर प्लान तैयार करवायेगी। वर्तमान में कुमावत समाज की उपेक्षा की गई थी अब आगे से ऐसा नहीं होगा उनका अहित नहीं होने दिया जायेगा। गरीब, किसान, सामान्य व्यक्ति सभी के हितों को ध्यान में रखकर नया मास्टर प्लान बनवाया जायेगा।

## कल से मंदसौर की नानवेज दुकाने दो दिन बंद रहेगी

**मंदसौर, 05 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर के निर्देश पर म.प्र. शासन से प्राप्त निर्देशों के पालन में 7 सितम्बर को गणेश चतुर्थी पर्व एवं जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक समाज के पर्युषण पर्व होने तथा 8 सितम्बर को स्थानकवासी जैन समाज के पर्युषण पर्व होने के कारण मंदसौर नगर की मटन, चिकन एवं मछली सहित सभी मांसाहार की दुकानें बंद रखी जावेगी। नपा कर्मचारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने कार्यक्षेत्र में स्थित दुकानों को बंद रखने के निर्देश का पालन सुनिश्चित करें।

# मनासा में बजा गंदगी का बैंड

## रामपुरा नाके से गांधी चौक तक बैंड बजाकर नागरिकों को किया जागरूक

**मनासा, 05 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** नगर परिषद के सफाई कर्मी स्वच्छता की आत्मा है एवं आप सभी नागरिक इसके प्राण है और जब तक सभी नागरिकों का जुडाव नहीं होगा तब तक स्वच्छता की परिकल्पना नहीं की जा सकती है। जब भी कोई चल समारोह अथवा जुलुस नगर में निकलता है हम उनका स्वागत करते है समारोह में शामिल नागरिकों को स्वल्पाहार और जलपान कराते है। फिर वह वेस्ट डिस्पोजल ओर प्लेटे वहीं फेंक देते हैं। जो नगर को गंदा करने का काम करती है। आप सभी स्वागतकर्ता, व्यापारी बंधु, सामाजिक संगठन और स्वयं सेवी संस्थाओं से अनुरोध है ऐसे आयोजन के दौरान वहां डस्टबीन अवश्य रखे। आज हम नगर नायक बद्रीविशाल मंदिर और द्वारिकाधीश के इस प्रांगण गांधी चौक पर स्वच्छता का संवाद कर रहे है और हमारा शहर मंदिरों की नगरी है। इसे स्वच्छ सुंदर बनाने में सहयोग करें।

यह बात नगर परिषद स्वच्छता प्रतिनिधि एवं स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर अजय तिवारी ने कही। गुरुवार को रामपुरा नाके पर गंदगी का बैंड बजाया गया। श्री तिवारी ने कार्यक्रम को संबोधित कर नागरिकों से संवाद किया। स्वच्छ भारत मिशन में नागरिकों के जुडाव हेतु नगर परिषद और सहयोगी संस्था द्वारा डोर टू डोर संपर्क करने के साथ ही नत नवाचार किए जा रहे है। नवाचार की इसी कडी में परिषद द्वारा मनासा में बजेगा गंदगी का बैंड अभियान चलाया गया है। इसमें नगर के बैंड मास्टर और स्कूल स्काउट के सहयोग से हर सप्ताह नगर



के सार्वजनिक चौराहा पर बैंड बजाकर नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा। गुरुवार को ताज बैंड के मास्टर बबलू भैया और उनकी टीम ने नि:शुल्क सेवा दी और रामपुरा नाके पर गंदगी का बैंड बजाया। पहले में स्वच्छता गीत मेरा मध्यप्रदेश स्वच्छता का प्रदेश, गाडी वाला आया घर से कचरा निकाल, मनासा पर बना स्वच्छता गीत प्रस्तुत किया गया। वहीं बैंड मास्टर बबलू भैया ने मंदिर की नगरी को स्वच्छ बनाना है कचरा कचरा वाहन में डालना पर सुंदर प्रस्तुती दी। इस दौरान परिषद बैंड और आयोजन स्थल पर लगे पोस्टर भी स्वच्छता का संदेश दे रहे थे। पार्षद प्रवीण जोनवाल ने बैंड मास्टर बबलू ओर उनकी पूरी एवं कार्यक्रम में सहभागिता करने वाले पार्षदगण ओर नागरिको का आभार माना। पार्षद दशरथ खाटवा, सत्यनारायण लक्षकार, दिनेश राठौर, सचिन राठौर, बाबू कुशवाह, राजस्व प्रभारी मनोज राठौर, सुरेंद्र श्रीवास्तव, स्वच्छता शाखा प्रभारी लोकेंद्र शाहू सहित कर्मचारी उपस्थित थे।

**गांधी चौक तक बैंड बजाकर नागरिकों को किया जागरूक**–रामपुरा नाके पर गंदगी का बैंड बजाने के बाद नगर परिषद कर्मचारी, अध्यक्ष एवं स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर श्री तिवारी, उपाध्यक्ष किशोर जोलानिया और उपस्थित पार्षद बैंड के साथ नगर में निकले और नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। आगे आगे बैंड स्वच्छता गीतों की प्रस्तुती देते चल रहे थे वह पीछे सफाई मित्र झाडू लगाते चल रहे थे और कर्मचारी हाथों में स्वच्छता स्लोगन की तख्तियां लिए नगर वासियो को जागरूक करने का काम कर रहे थे। नगर परिषद उपाध्यक्ष किशोर जोलानिया ने कहा नगर को गन्दा नहीं करे, रोज कचरा वाहन आपके घर तक पहुँच रहा है कचरा उसी में डाले। सूखा कचरा गीला कचरा अलग अलग बिन में डाले, जहा तक हो वहां तक गीले कचरे का घर पर ही कम्पोस्ट बनाए। नगर स्वच्छ रहेगा तभी हम सभी स्वस्थ्य रहेंगे।

**शौचालय में शौच क्यो, कपडे का बैग ही क्यों**–नगर परिषद की सहयोगी संस्था के कमलेश कारपेंटर ने कहा नागरिको के जुडाव बिना स्वच्छता की परिकल्पना करना सम्भव नही है। हमे नालियों की साफ सुथरा क्यो रखना चाहिए, आर आर सेंटर क्यो, शौचालय में ही शौच क्यो, सैप्टिक टैंक खाली कराना जरूरी क्यो, कपडे की थैली का उपयोग क्यो, होम कम्पोस्ट क्यो, स्त्रोत पृथक्करण क्यो के बारे में विस्तृत जानकारी दी। हम मनासा नगर को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त शहर बनाना है। प्रकृति का सम्मान और स्वस्थ्य जीवन हेतु प्लास्टिक का त्याग कर कपडे का थैले का उपयोग करना होगा। प्लास्टिक प्रदूषण फैलाता है, प्लास्टिक के सेवन से पशु मर जाते है इसलिए इसका त्याग कर कपडे की थैली अपनाना होगी। प्लास्टिक जल को प्रदूषित कर रही है शुद्ध जल के लिए कपडे की थैली थामना होगी। प्लास्टिक का धुआं स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। कपडे का थैला उपयोग कर हम रोजगार को भी बढ़ावा दे सकते है और प्लास्टिक प्रदूषण को भी कम कर सकते है।




## सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ की जिला बैठक सम्पन्न

**मंदसौर, 05 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, प्रदेश भाजपा संगठन प्रभारी महेंद्र सिंह एंव सह प्रभारी सतीश उपाध्याय, प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, प्रदेश सदस्यता अभियान प्रभारी एंव विधायक भगवानदास सबनानी, सहकारिता प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक मदनलाल राठौर एंव भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया के निर्देशानुसार भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ जिला संयोजक चंद्रशेखर मंडलोई के नेतृत्व में भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठकी आवश्यक बैठक जिला भाजपा कार्यालय मंदसौर पर सम्पन्न हुई। बैठक में सहकारिता प्रकोष्ठप्रदेश संयोजक मदनलाल राठौर, प्रकोष्ठप्रदेश कार्यालय मंत्री विनोद गुर्जर, प्रकोष्ठजिला सह संयोजक एंव सदस्यता अभियान जिला प्रभारी राधेश्याम जाट, पूर्व भूमि विकास बैंक अध्यक्ष भोपाल सिंह सिसोदिया, फतेहसिंह आंजना, प्रकोष्ठ मंडल संयोजक एंव अभियान जिला सह प्रभारी ईश्वरलाल धनगर मंचस्थ थे। बैठक का शुभारंभ पं.दीनदयाल उपाध्याय जी एंव डॉ.श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। तत् पश्चात मंचस्थ अतिथियों का स्वागत सहकारिता प्रकोष्ठके पदाधिकारीयों द्वारा किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए हुए सहकारिता प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक मदनलाल राठौर ने कहा की हमें सहकारिता प्रकोष्ठ के माध्यम से जिले की सभी सोसायटी से जुडे किसानो के बीच पंहुच कर उनसे संपर्क कर उन्हे भाजपा की सदस्यता दिलाना है। साथ ही हमें प्रदेश द्वारा दिये गये जिले के लक्ष्य को हासिल करना है। सहकारिता प्रकोष्ठ जिला संयोजक चंद्रशेखर मंडलोई ने सहकारिता प्रकोष्ठके द्वारा किये गए कार्यों का वृत्त प्रस्तुत किया व सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिये मंडलों के प्रभारी व सह प्रभारी भी बनाये गये। बैठक का संचालन प्रकोष्ठ जिला सह संयोजक एंव अभियान जिला प्रभारी राधेश्याम जाट ने किया एंव आभार प्रकोष्ठ मंडल संयोजक ईश्वरलाल धनगर ने माना। बैठक में विनोद गुर्जर, राधेश्याम कुमावत, राधेश्याम पाथर, सुरेश रूपरा, राजेश मंडलोई, सत्यप्रकाश आंजना, पदम सिंह, जितेंद्र सिंह, दीपक बैरागी, रामसिंह गुर्जर, कालूराम शर्मा सहित प्रकोष्ठके जिला पदाधिकारी एंव कार्यकर्ता व मंडल संयोजक गण उपस्थित थे। उक्त जानकारी प्रकोष्ठ जिला मीडिया प्रभारी पवन त्रिवेदी ने दी।

## शुक्ला कॉलोनी बगीचे की जमीन पर हो रहे निर्माण पर लगाई हाईकोर्ट ने रोक

**मंदसौर, 05 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** शुक्ला कॉलोनी में स्थित बगीचे की जमीन का विवाद काफी लंबे समय से चल रहा था ।जिस पर हाई कोर्ट इंदौर ने कॉलोनी वासियों की याचिका पर सुनवाई करते हुए बगीचे की जमीन पर हो रहे अवैध निर्माण को रोकने का आदेश पारित करते हुए स्थगन (स्टे) दिया है ।मामला इस प्रकार हे की शुक्ला कॉलोनी के रहवासियों के लिए कॉलोनी नाइजर द्वारा बगीचे की जगह छोड़ी गई थी उसके पश्चात कॉलोनीनाइजर द्वारा बगीचे की जमीन को विक्रय कर दिया एवं बगीचे की जमीन पर उक्त क्रेता द्वारा भवन निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया गया था ।जिसकी जानकारी कॉलोनी वासियों को मिलने पर विनीत लक्की बड़ोलिया एडवोकेट एवम कॉलोनी वासियों द्वारा एक याचिका माननीय हाईकोर्ट इंदौर के समक्ष प्रस्तुत की गई थी।जिसकी सुनवाई दिनांक 03.09.2024 को हुई ।जिस पर से माननीय हाई कोर्ट द्वारा याचिकाकर्ताओ के हाईकोर्ट एडवोकेट श्री पौरुष रांका के तर्कों से सहमत होकर बगीचे की जमीन पर चल रहे निर्माण को तत्काल रोकने के लिए स्थगन (स्टे) दिया है।न्यायालय ने निर्माण नहीं करने के निर्देश देते हुए यथास्थिति रखने हेतु आदेशित किया है।मुख्य नगरपालिका अधिकारी को आदेशित किया है कि कॉलोनी वासीओ द्वारा दिये गये प्रतिवेदन पर गुण दोषों पर विचार करके बोलता हुआ आदेश पारित करे एवं तब तक बाग़ीचे की भूमि पर यथास्थिति बनाये रखे । उक्त याचिका की सफल पैरवी श्री पौरुष रांका हाईकोर्ट एडवोकेट द्वारा की गई। उक्त जानकारी याचिकाकर्ता विनीत लक्की बड़ोलिया एडवोकेट मंदसौर द्वारा दी गई।




## कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने शिक्षकों का किया सम्मान

**मंदसौर, 05 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंदसौर में जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग द्वारा जिले में शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्टकार्य करने वाले एवं शिक्षा में नवाचार करने वाले शिक्षकों का सम्मान किया गया। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी श्री लोकेंद्र सिंह डाबी, स्कूल स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने आज का दिन शिक्षकों का है। हमेशा शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए। आज के दिन हमें हमारे उन सभी शिक्षकों को याद करना चाहिए जिन्होंने हमें जीवन में कुछ ना कुछ सिखाया है साथ ही शिक्षक का उद्देश्य केवल शिक्षा देना ही नहीं बल्कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है। शिक्षक हमारे मार्गदर्शक है हमें उनके बताएं मार्ग पर चलकर अपना जीवन निर्माण करना चाहिए।

## पहचान सप्ताह अंतर्गत ट्रांसजेंडर समुदाय के हितार्थ सेन्सेटाईजेशन प्रोग्राम का आयोजन सम्पन्न

**मंदसौर, 05 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा प्रसारित वार्षिक कार्ययोजना वर्ष 2024- 25 के अनुपालन तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंदसौर श्री कपिल मेहता एवं जिला न्यायाधीश/ सचिवजिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंदसौर श्री सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन में 1 सितंबर से 5 सितंबर 2024 तक पहचान सप्ताह के अंतर्गत ट्रांसजेंडर समुदाय की समाज में स्वीकार्यता बढ़ाने तथा विधिक अधिकार एवं शासन की योजनाओं का लाभ दिलाए जाने हेतु विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है।



इसी अनुक्रम में 05 सितंबर 2024 को एडीआर सेंटर भवन मंदसौर में ट्रांसजेंडर समुदाय के हितार्थ जागरूकता शिविर एवं सेन्सेटाईजेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम को माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री कपिल मेहता द्वारा कहा कि उच्चतम न्यायालय एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रयासों से ट्रांसजेण्डर समुदाय को विभिन्न विधिक अधिकार प्रदत्त किये गए है। ट्रांसजेण्डर समुदाय की समाज में स्वीकार्यता बढ़ाने हेतु एवं उनके विधिक अधिकारों की रक्षा करने हेतु हम सभी हितधारकों को निरंतर प्रयास करने होंगे। पैरालीगल वालेन्टियर्स को उभयलिंगी व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 2019 के प्रावधानों के संबंध में आमजन को जागरूक कर, ट्रांसजेण्डर व्यक्तियों के खिलाफ हो रहे अपराधों के रोकथाम में अपना अमुल्य योगदान देना चाहिये। शिविर को सम्बोधित करते हुये प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, मंदसौर श्री गंगाचरण दुबे ने अपने उद्बोधन में रामायण एवं महाभारत के खण्डों के संबंध में बताते हुये व्यक्त किया कि ट्रांसजेण्डर समुदाय सदियों से हमारे समाज का अभिन्न हिस्सा है और उन्हें समान अधिकार और सम्मान देना हमारा संवैधानिक कर्तव्य है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा इस दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है, ताकि उनके प्रति व्याप्त पूर्वाग्रहों को मिटाकर उन्हें समाज की मुख्य धारा में लाया जा सके। कार्यक्रम में आभार जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री सिद्धार्थ तिवारी द्वारा व्यक्त किया गया तथा संचालन जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री प्रवीण कुमार द्वारा किया गया।

## राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम सम्पन्न

**मंदसौर, 05 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय कन्या महाविद्यालय, मंदसौर के प्राचार्य डा.पी.एल.पाटीदार ने बताया कि आरबीआई की 90वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि श्री विश्वजीत कौर सहायक प्रबंधक आरबीआई भोपाल, द्वारा आरबीआई की 90वीं वर्षगांठ पर संबोधित करते हुए कहा कि आरबीआई किस तरीके के काम करती है और इसके महत्व और काम करने के क्या-क्या टूल्स होते है। आरबीआई अपनी मॉनिटरिंग पॉलिसी के द्वारा अन्य बैंको पर किस तरीकेसे नियंत्रण रखती है जो हमारे दैनिक जीवन के वित्तीय लेनदेन को प्रभावित करती है। श्री कौर ने आरबीआई की प्रश्नोत्तरी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विशिष्टअतिथि के रूप में श्री संजयजी मोदी, एलडीएम मंदसौर सुश्री अंजली उपाध्याय एफएलसी सेन्ट्रल बैंक आफ इण्डिया पिपलियामण्डी, श्री महेशजी अग्रवाल डायरेक्ट आरएसईटीआई मंदसौर उपस्थित रहे। प्राचार्य द्वारा अतिथियों का स्वागत एवं विषय प्रवर्तन करते हुए बताया कि वित्तीय साक्षरता की जानकारी सभी नागरिकों के लिए होना जरूरी है। छात्राओं को प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया तथा बताया कि यह वित्तीय लाभ के साथ-साथ, जानकारी बैंकिंग प्रतियोगी परीक्षाओं में भी सहायक होगी। कार्यक्रम का आभार डा. अनुराग आर्य ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालयीन स्टाफ एवं छात्रायें उपस्थित रही।

## सीसीटीवी चोरी का केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 05 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** सीसीटीवी केमरे चोरी के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया। नाहरगढ़ निवासी दिनेशचंद सोनी ने नाहरगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मेरी इलेक्ट्रानिक्स दुकान के बाहर केमरे लगे थे, जिसे रात्रि में मनीष उर्फ भोला पिता दिलीप सोनी चोरी कर ले गए। मेरी पास में लगी ज्वेलरी की दुकान में मनीष सीसीटीवी की चोरी करते हुए दिखा। पुलिस ने मनीष के खिलाफ केस दर्ज किया।

## श्री द्विमुखी चिंताहरण गणपति के दरबार में 10 दिवसीय गणोशोत्सव पर्व धूमधाम से मनेगा

**मंदसौर, 05 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर नगर के हृदय स्थल जनकुपुरा गणपति चौक स्थित अति प्राचीन श्री द्विमुखी चिंताहरण गणपति जी के दरबार में 10 दिवसीय गणेश उत्सव पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। दिनाँक 7 सितंबर शनिवार को प्रातः 11:30 बजे पार्थिव गणेश जी की प्रतिमा ढोल धमाकों के साथ स्थापित की जाएगी और तत्पश्चात हवन पूजन एवं दोपहर 12.30 बजे महा आरती होगी। प्रतिदिन रात्रि में 8:00 बजे 21 ढोल की थाप पर विशेष महाआरती का आयोजन होगा।



इस आशय की जानकारी देते हुए सेठ ईलाजी नाथूराम ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित दिलीप शर्मा, उपाध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल , सचिव गोपाल मंडोवरा , कोषाध्यक्ष राजकुमार सिंहल ,ट्रस्टी गण सर्वश्री राजेश डोसी, डॉक्टर कुशल शर्मा , नेम कुमार गांधी, ओंकार लाल शर्मा कल्लू भाई, विपिन गर्ग बारिक, रमेश काबरा, उमेश पारीक ,रितेश गर्ग टिंकू ने बताया कि भगवान पशुपतिनाथ की नगरी मंदसौर में भगवान श्री गणेश जी की भव्य एवं द्विरूपी प्रतिमा जनकुपूरा गणपति चौक में विराजमान है। जहां पर प्रतिदिन पूजा अर्चना होती है और बड़ी संख्या में भक्त गण दर्शन हेतु आते हैं। बुधवार को विशेष महा आरती होती है। 10 दिवसीय गणेश उत्सव के तहत 7 सितंबर से 17 सितंबर तक प्रतिदिन रात्रि 8:00 बजे विशेष महा आरती का आयोजन होगा। भगवान गणेश जी के दरबार में नित्य पूजा अर्चना पंडित सत्यनारायण जोशी के आचार्यत्व में होती है। मंदसौर शहर की धर्म प्रेमी जनता से अनुरोध है कि भगवान गणेश जी के दरबार में पधार कर 10 दिवसीय उत्सव में आप भी सम्मिलित हो।

## सोयाबीन का न्यूनतम भाव 6000 क्विंटल करने सहित अन्य मांगों को लेकर रैली व ज्ञापन आज

**मंदसौर, 05 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** सोयाबीन का न्यूनतम भाव 6000 क्विटल करने सहित किसानों की अन्य मांगों को लेकर 6 सितम्बर को वाहन रैली निकालकर महामहिम राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन दिया जाएगा। किसान नेता व जिला पंचायत सदस्य दीपकसिंह चौहान ने बताया कि ज्ञापन में मुख्य रुप से सोयाबीन फसल का न्यूनतम भाव 6000 रुपए प्रति क्विटल करने सहित फसल बीमे में आ रही विसंगतियों को दूर करने, रोजडों की समस्या से मुक्ति दिलाने व खेतों तारफेसिंग के लिए सब्सीडी देने, बिजली कटौती बंद करने व बढ़े बिजली के बिलों में छूट देने, डोडाचूरा से एनडीपीएस एक्ट की धारा को हटाने आदि मांगें शामिल रहेगी। चोहान ने बताया यह आयोजन गैर राजनैतिक रहेगा, जिसमें समस्त किसान बंधु आमंत्रित है, उनके नेतृत्व में ही आयोजन किया जाएगा। समस्त किसान दोपहर 12 बजे मंदसौर गांधी चौराहे पर एकत्रित होंगे। यहां से वाहन रैली के रुप में बीपीएल चोराहे होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचेंगे। जहां महामहिम राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन दिया जाएगा।

## गौशाला में ही रहेंगे 590 गौवंश... पेज 1 से जारी

पुष्पेन्द्रसिंह चोहान, अंकित जोशी, लोकेन्द्रसिंह, गोपालसिंह सिसोदिया, विक्रमसिंह सोनगरा, राधेश्याम विश्वकर्मा, विमल जैन, मीतेश अहिर आदि ने गौवंश को सुपुर्दगी में नही देने के लिए न्यायालय में अपील की। प्रकरण में मंदसौर से विशेष लोक अभियोजक भगवानसिंह चौहान, इंदौर हाईकोर्ट अधिवक्ता विक्रम दुबे, वाल्मीक साकरगायेन, शासकीय अधिवक्ता मुकेश परवाल ने तर्क दिया दिया कि आरोपी गौवंश तस्करी के उद्देश्य से क्रूरतापूर्वक भरकर ले जा रहे थे। इसलिए गौवंश सुपुर्दगी में नही दिए जाए। पंचम अपर सत्र न्यायाधीश प्रतिष्ठा अवस्थी ने गौवंश सुपुर्दगी के लिए दायर याचिका को खारिज करते हुए लिखा कि अभिलेख के अवलोकन से यह प्रकट है कि जब पुलिस द्वारा गौवंश जब्त किए गए थे, तब वाहन में बैल ठूंस-ठूंस कर भरे थे, बेलों के पैर रस्सियों से बंधे थे, वाहन में चारे-पानी की कोई व्यवस्था नही थी, बैलों के साथ क्रूरता की जा रह थी। परिवहन क्रूरतापूर्वक किया जा रहा था। गौवंश कृषि प्रायोजन के लिए क्रय किए गए थे, अथवा नही। यह विस्तृत साक्ष्य का विषय है, परन्तु इस प्रक्रम पर जिस तरह से क्रूरतापूर्ण तरीके से पशुओं का परिवहन किया जा रहा था, उसे दृष्टिगत रखते हुए गौवंश की सुरक्षा को देखते हुए पुनरीक्षणकर्ता की सुपुर्दगी पर दिया जाना उचित नही होता है, अत: पुनरीक्षकर्ता द्वारा प्रस्तुत पुनरीक्षण याचिका सारहीन होने से निरस्त की जाती है।

## खूंखार कुत्तों ने किया बकरियों... पेज 1 से जारी

से बाकी बकरियों से छुड़ाया। पीड़ित परिवार का कहना है कि तीन कुत्ते दरवाजे की गैप से अंदर घुस गए और बकरियों पर हमला किया था। पीड़ित परिवार का कहना है कि शहर में आए दिन डॉग बाइट के मामले आ रहे हैं, बावजूद इसके नगर पालिका इस और ध्यान नही दे रही। अब खूंखार कुत्तों के हौसले इतने बढ़ गए है कि घर में घुसकर बकरियों को मार रहे है। नगरपालिका का गैर जिम्मेदाराना रवैया सही नहीं है। नगर पालिका कुत्तों के आतंक को लेकर ठोस कार्रवाई करें।

## राष्ट्रपति ने शिक्षिका डा. गोधा को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया

**मंदसौर, 05 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** शिक्षक दिवस के अवसर पर



महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू ने जिले की शिक्षिका डा. सुनिता गोधा को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से विज्ञान भवन नई दिल्ली में सम्मानित किया।डॉ. सुनीता गोधा उच्च माध्यमिक शिक्षक शासकीय हाई स्कूल खजूरिया सारंग में पदस्थ है। डॉ. सुनीता गोधा ने शैक्षणिक योग्यता में एम ए, बीएड, पीएचडी एवं एलएलबी की पढ़ाई की है। शिक्षक दिवस पर नई दिल्ली में डॉ. सुनीता गोधा की सेवाकाल के दौरान किए गए कार्य के लिए सम्मानित किया गया। डॉ. गोधा ने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपलिया स्टेशन में कार्य करते हुए विद्यालय के नामांकन को बढ़ाने का सफल प्रयास किया। सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से नवप्रवेशित छात्राओं के अतिरिक्त अन्य जरूरतमंद छात्राओं को आवश्यकता अनुसार स्वेटर, स्कूल बेग, गणेश, जूते, पित्रहीन निर्धन छात्राओं को फीस, वस्त्र, खाद्य सामग्री, पोषक आहार, छात्राओं के अध्ययन एवं मनोरंजन हेतु विभिन्न रोचक पुस्तके विद्यालय के पुस्तकालय में अनुदान में देना। इनके द्वारा गांव-गांव में जाकर पालकों, भूतपूर्व छात्राओं, स्थानीय नगर वासियों एवं जनप्रतिनिधियों से संपर्क कर स्थानी बोली में नुक्कड़ नाटक कर शिक्षा की अलख जगाई गई। बेटी बचाओ अभियान, स्वच्छता अभियान एवं कन्या भ्रूण हत्या को रोकना जैसे कार्यक्रमों में सहभागिता कर लोगों को जागरूक किया गया। झील महोत्सव, शाला सिद्धि, केरियर काउंसलर, अक्षय ऊर्जा, पर्यावरण पर्यावरण एवं डिजिटल इंडिया जैसे अनेक समाज सेवा कार्य करने पर इन्हें जिला स्तर पर कई बार सम्मानित किया जाचुका है। वर्ष 2018 में राज्य स्तर शिक्षक सम्मान से भी सम्मानित किया जा चुका है।

## भाजपा नेत्री का हाथ मोड़ा

**पिपलियामंडी, 05 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** भाजपा महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष के साथ मारपीट के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया। मंदसौर निवासी भाजपा नेत्री रानू पिता जगदीशचंद भावसार ने पिपलिया थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि पिपलिया में सदस्यता अभियान को लेकर प्रचार कर रही थी, इस दौरान रिण्डा निवासी कमलेश पिता बालमुकुन्द नागदा मिला, इसके साथ उसका साथी बंशीलाल भी था। दोनों से लेन-देन को लेकर चेक का प्रकरण न्यायालय में चल रहा है। दोनों विवाद किया, गाली-गलौज कर झूमाझटकी व हाथ मोड दिया, जिससे अंगूठे व कलाई में चोंट आई।

## नेशनल लोक अदालत 14 सितम्बर को

**मंदसौर, 05 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश के जिलों में 14 सितम्बर को नेशनल लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण को समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने विद्युत अधिनियम 2003 धारा 135 के अंतर्गत न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अप्रिय कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए अदालत में समझौता करने के लिए बिजली कार्यालय से संपर्क करें।मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा निर्णय लिया है कि धारा 135 के अंतर्गत अदालत में लंबित प्रकरणों का निराकरण के लिये निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को प्रकरणों में ही छूट दी जाएगी। प्रि-लिटिगेशन स्तर पर - कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिन की अवधि समाप्त होने के पश्चात् छ: माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

## आयुष विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर सम्पन्न

**करजू, 05 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** आयुष विभाग द्वारा करजू मे स्वास्थ्य शिविर का आयोजन रखा गया। जिसमे आयुर्वेदिक हॉस्पिटल में पदस्थ डॉक्टर नगमा बी एवं प्रभारी गौतमलाल गमेतिया योग प्रशिक्षक अजय पाटीदार एवं श्याम सुंदर पाटीदार द्वारा सेवाएं देकर रोगियों का इलाज किया गया। डॉक्टर द्वारा बीपी, शुगर की जांच कर रोगियों को निशुल्क दवाई प्रदान की गई।

शिविर मे लगभग 150 से अधिक मरीजों का संतुष्टिपूर्वक इलाज किया गया। शिविर का प्रारंभ ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती कंकुबाई, पुर्व सोसाइटी अध्यक्ष



भगवान सिंह आंजना, पूर्व सरपंच बापू आंजना, पंचायत पंच पर्वत सिंह आंजना, जगदीश आंजना, बहादुर लाल आंजना, अमर सिंह आंजना, राधेश्याम बैरागी, डॉ. शिवलाल लोहार सहित गांव के गणमान्य लोगों की उपस्थिति किया गया।

**आवश्यकता है**

दैनिक **गुरु एक्सप्रेस**

**आफिस में कार्य करने हेतु युवक की आवश्यकता है।**

वेतन योग्यता अनुसार

संपर्क

संपर्क समय- शाम 4 से 6 बजे तक

कार्यालय दैनिक गुरु एक्सप्रेस

9425105928. 8319964648

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरदायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in